CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 349 ▫ रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बस्तर विकास को लेकर सीएम साय का अफसरों के साथ मंथन, योजनाओं की प्रगति पर की चर्चा



**रायपुर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर अंचल के समग्र विकास को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में बस्तर क्षेत्र में शांति, सुशासन और तेज विकास को लेकर शासन की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार के तेजी से विस्तार पर मंथन किया जा रहा है।

बैठक में बस्तर क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा सुरक्षा, रोजगार, कौशल विकास, पर्यटन और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने के उपायों पर मंथन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने समन्वित प्रयासों से क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं। अधिकारियों ने सीएम को बस्तर के विकास से जुड़े प्रस्तावों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।

### बृजमोहन की याचिका पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

## सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब




**बिलासपुर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में स्काउट-गाइड की राष्ट्रीय जंबूरी को लेकर छिड़ा विवाद अब कानूनी गलियारों में गर्मा गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। जस्टिस एन.के. व्यास की सिंगल बेंच ने इस मामले में राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

**12 फरवरी को अगली सुनवाई**

**स्काउट गाइड्स के अध्यक्ष पद से हटाए जाने का मामला**

गौरतलब है कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उन्हें अध्यक्ष पद से हटाए जाने की प्रक्रिया को पूरी तरह असंवैधानिक बताया है। विवाद की जड़ में बालोद में आयोजित हो रही राष्ट्रीय जंबूरी है, जिसे लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं। अग्रवाल ने वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों का हवाला देते हुए इस जंबूरी को रद्द करने की घोषणा की थी, जिसे स्काउट-गाइड के राज्य आयुक्त ने भ्रामक करार दिया था।

विवादों के बीच बालोद में जंबूरी का आयोजन अपने समापन चरण पर है। पूर्व में इस भव्य आयोजन के लिए नया रायपुर का चयन किया गया था, लेकिन बाद में कार्यकारिणी की बैठक के बाद अचानक इसका स्थान बदलकर बालोद कर दिया गया, जिससे विवाद और गहरा गया। अब सभी की निगाहें 12 फरवरी को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं, जहाँ शासन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बांग्लादेश में हिंसा : एक और हिंदू की भीड़ ने पीटकर हत्या



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश में जारी राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में 28 वर्षीय हिंदू युवक समीर कुमार दास की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना रविवार रात (11 जनवरी) की है। इसके साथ ही देश में अब तक मारे गए हिंदुओं की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। बांग्लादेश में हालात उस समय और बिगड़ गए जब भारत-विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसक प्रदर्शन शुरू हुए। ऑटो चालक था मृतक, हमले के बाद वाहन लेकर फरार हुई भीड़ समीर कुमार दास फेनी जिले के डागनभुइयां इलाके में ऑटो रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने पहले दास पर बेरहमी से हमला किया और फिर उसका ऑटो रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गए। कुछ समय बाद उसका शव एक उपजिला अस्पताल के पास बरामद हुआ।

### चुनाव साथ लड़ रहे बीजेपी-शिवसेना (शिंदे) के कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प, 4 घायल

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (न्यूज चैनल)। भाजपा और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के कार्यकर्ताओं के बीच धन वितरण को लेकर हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में भाजपा उम्मीदवार आर्या ओंकार नाथ नाटेकर के पति ओंकार नाथ नाटेकर घायल हो गए। यह हिंसक झड़प कल्याण डोंबिवली नगर निगम चुनाव से ठीक दो दिन पहले हुई। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह हमला एकनाथ शिंदे गुट के उम्मीदवार नितिन मत्या पाटिल के समर्थकों द्वारा किया गया था। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 29 नगर निगम चुनावों के लिए आज प्रचार का आखिरी दिन है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर में सुबह 11 बजे से रोड शो करेंगे और खुद मोटरसाइकिल पर सवार होकर इस रोड शो में हिस्सा लेंगे। राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों, जिनमें समृद्ध मुंबई भी शामिल है.

### बोइंग-737 मैक्स विमान में आई तकनीकी खराबी, यात्रियों को उतारा गया

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (न्यूज चैनल)। पुणे से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की उड़ान के यात्रियों को मंगलवार को आखिरी क्षण में बोइंग 737 मैक्स विमान में तकनीकी समस्या का पता चलने पर लगभग डेढ़ घंटे तक विमान में बैठे रहने के बाद उतार दिया गया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। एक यात्री के अनुसार, विमान पुणे से सुबह 8:50 बजे उड़ान भरने वाला था और विमान में सवार होने की प्रक्रिया लगभग 8:10 बजे शुरू हुई थी। एक यात्री ने बताया कि पुणे से बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी1312 को पुणे हवाई अड्डे पर रोके रखा गया। सभी यात्री विमान में बैठे थे और विमान उड़ान भरने के लिए तैयार किया जा रहा था, तभी विमान में कुछ तकनीकी समस्या सामने आई। बाद में सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया। यात्री ने कहा कि नयी उड़ान का समय अभी घोषित नहीं किया गया है। अकासा एयर के प्रवक्ता से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

## अगर कुत्तों के काटने से किसी बच्चे-बुजुर्ग की मौत हुई तो राज्य को देना होगा भारी मुआवजा



**सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने आज मंगलवार को सड़कों पर बढ़ते कुत्तों के हमलों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई. जस्टिस विक्रम नाथ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगर बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने से चोट या मौत होती है, तो राज्य सरकार को भारी मुआवजा देना पड़ सकता है. अधिकारियों की निष्क्रियता से समस्या हजार गुना बढ़ गई है.

जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, हर उस मामले में जहां कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मौत या चोट होती है, राज्य सरकार पर भारी मुआवजा लगाया जाएगा, क्योंकि उसने कुछ नहीं किया और जो लोग कहते हैं कि हम कुत्तों को खाना खिला रहे हैं, उन पर भी जवाबदेही तय होगी. अगर इतना ही शौक है तो कुत्तों को अपने घर ले जाइए. सड़क पर क्यों छोड़ा जा रहा है कि वे लोगों को डराएं और काटें? यह टिप्पणी वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी की दलीलों के दौरान आई, जो दो पशु-कल्याण ट्रस्टों की ओर से पेश हो रही थीं. मेनका गुरुस्वामी ने कहा यह एक भावनात्मक मुद्दा है. इस पर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा, %अभी तक तो भावनाएं सिर्फ कुत्तों के लिए दिख रही हैं. इस पर गुरुस्वामी ने कहा, ऐसा नहीं है, मैं इंसानों की भी उतनी ही चिंता करती हूं. अदालत में गुरुस्वामी ने संसद की बहसों का हवाला दिया.

## रायपुर जिले में 9 महीनों में 31,818 रजिस्ट्री, 572 करोड़ की आय



**रायपुर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर जिले में चालू वित्तीय वर्ष में बीते 9 महीनों के दौरान कुल 31,818 संपत्ति रजिस्ट्रियां दर्ज हुई है. इससे करीब 572 करोड़ रुपए की आय हुई है. यह पिछले बार के लक्ष्य की तुलना में लगभग आधा है. पंजीयन विभाग के अनुसार, बीते 9 महीनों में मुद्रांक शुल्क से 366 करोड़ रुपये की आय हुई है. जबकि पंजीयन शुल्क के रूप में 205 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया।

रजिस्ट्री की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी. इसका प्रमुख कारण पंजीयन प्रक्रिया के दौरान कई बार सामने आई सर्वर संबंधी तकनीकी समस्याएं बताई जा रही हैं. नई गाइडलाइन में जमीन की बढ़ी दरों का असर रजिस्ट्री पर पड़ा है. गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष में पंजीयन विभाग को 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य दिया गया था, जबकि इस वर्ष अब तक ऐसा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

## रायगढ़-बिलासपुर मेमू ट्रेन कल रद्द



**बिलासपुर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। रेल मंडल बिलासपुर के खरसिया से राबर्टसन स्टेशन के बीच स्थित समपार फाटक भेलवाडीह में गर्डर लांचिंग एवं चक्रधरनगर एवं कोतरलिया सेक्शन के बीच स्थित रेलवे ब्रिज पर गर्डर डी लांचिंग का कार्य करने ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर किया जाएगा. इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा. 15 एवं 17 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, रायगढ़ से रवाना होने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 14 व 16 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी. इसके अलावा 15 एवं 17 जनवरी को गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी. वहीं झारसुगुड़ा से रवाना होने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में शुरु करने के बाद झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

## बाइकों में भिड़ंत, 2 भाइयों की मौत



**पखांजूर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। कांकेर जिले के पखांजूर में रफ्तार ने कहर बरपाया है. पीवी-9 मार्ग पर मंगलवार सुबह दो मोटरसाइकिल के बीच तेज रफ्तार में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां दो सगे भाइयों ने दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मोटरसाइकिल पर एक युवक सवार था, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर दो सगे भाई जा रहे थे. तेज रफ्तार के कारण दोनों मोटरसाइकिलें आमनेङ्कसामने से टकरा गईं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं. स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल पखांजूर अस्पताल पहुंचाया. हालत नाजुक होने पर उन्हें बाहर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दो सगे भाइयों ने दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे युवक की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है. पुलिस दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिलों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धरसीवां में 200 क्विंटल धान व ट्रक जब्त, राइस मिल सील



**सतर्क ऐप से धान खरीदी की हो रही सख्त निगरानी**

**रायपुर,** 13 जनवरी (हाईवे चैनल)। सतर्क ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिले के धान उपार्जन केंद्रों, राइस मिलों एवं समितियों में सघन जांच अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में धरसीवां विकासखंड के ग्राम दोंदेकला स्थित प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति में संयुक्त जांच दल द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पीडी राइस मील की संचालक श्रीमती नूतन अग्रवाल, से संबंधित 500 कट्टा (200 क्विंटल) धान एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक ष्टत्र 04 छ्श्व 0813 को जप्त करते हुए राइस मील को सील किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी एवं उठाव की निगरानी के लिए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष सतर्क ऐप के माध्यम से नई तकनीकी व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी एवं परिवहन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। जीपीएस तकनीक से वाहनों की ट्रैकिंग की जा रही है तथा संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में लगाए गए कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है।

अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि सतर्क ऐप से प्राप्त शिकायतों पर आगामी तीन दिनों के भीतर राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच की जाएगी। जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित राइस मिलों को काली सूची में डालने एवं आवश्यकतानुसार सील करने की कार्रवाई की जाएगी। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं किसान हितैषी बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संसद की कमेटी करेगी अयोध्या का दौरा, राहुल गांधी भी सदस्य



**नई दिल्ली,** 13 जनवरी (न्यूज चैनल)। संसदीय समिति समय-समय पर अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी जगहों का दौरा करती है. इसी क्रम में रक्षा मंत्रालय से जुड़ी ये स्थाई समिति वाराणसी कैंट का दौरा करेगी. सूत्रों के मुताबिक उसी क्रम में कमिटी अयोध्या जाएगी. उम्मीद है कि कमिटी के सदस्य अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन भी करेंगे. लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इस कमिटी के सदस्य हैं.

रक्षा मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्थाई समिति जल्द वाराणसी और अयोध्या का दौरा करेगी. सूत्रों ने बताया कि कमिटी की समीक्षा दौरे के क्रम में वाराणसी जाने का कार्यक्रम है जहां कमिटी वाराणसी स्थित सेना के कैंट का दौरा करेगी. इसी क्रम में कमिटी का अयोध्या जाने का भी कार्यक्रम बन रहा है. संभावना है कि 22 जनवरी या 23 जनवरी को कमिटी अयोध्या जा सकती है. जहां उसके सदस्य राम मंदिर में राम लला का दर्शन करेंगे. 2024 में 22 जनवरी को ही अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी और भगवान राम के बालस्वरूप मूर्ति की स्थापना की गई थी. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देश के जाने माने गणमान्य लोगों ने शिरकत की थी. लोकसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी इस कमिटी के सदस्य हैं. हालांकि ये अभी साफ नहीं है कि वो भी कमिटी के अन्य सदस्यों के साथ इस दौरे का हिस्सा होंगे या नहीं. राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं के शामिल नहीं होने पर उनपर तुष्टिकरण के आरोप लगे थे. बीजेपी इस बात को लेकर बार बार राहुल गांधी पर हमलावर रही है कि अबतक उन्होंने राम मंदिर में दर्शन नहीं किए हैं.

CMYK